(c) are located on the tropical high pressure belt of the atmosphere.

(d) are not on the path of the monsoons.

114. The latitude is the angular distance of a point on the Earth's surface, north or south, of the Equator as measured from the :

(a) centre of the Earth.

(b) Equator.

(c) Tropic of Cancer or the Capricorn.

(d) Poles.

115. When an Ordinary Bill is referred to a joint sitting of both the Houses of Indian Parliament, it has to be passed by a :

(a) simple majority of the total number of members of both the Houses present and voting.

(b) two-third majority of the total number of members of both the Houses.

(c) simple majority of the total number of members of both the Houses.

(d) two-third majority of the total number of members of both the Houses present and voting.

116. The Rowlatt Act was passed to :

(a) bring about agrarian reforms.

(b) curtail the nationalist and revolutionary activities.

(c) have a favourable balance of trade.

(d) put Second World War criminals on trial.

117. Which one among the following features of the Constitution of India is indicative of the fact that the real executive power is vested in the Council of Ministers headed by the Prime Minister ?

(a) Federalism

(b) Representative Legislature

(c) Universal Adult Franchise

(d) Parliamentary Democracy

(Contd.)

112. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से उन्हें पहचानिये जहाँ से कर्क रेखा गुजरती है और उन्हें पूर्व से पश्चिम के क्रम में लगाइये :

1. गुजरात
2. पश्चिम बंगाल
3. उत्तर प्रदेश
4. झारखण्ड
5. मध्य प्रदेश
6. बिहार
7. छत्तीसगढ़

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 2–5–7–4–1
(b) 2–4–7–5–1
(c) 3–2–6–7–5
(d) 3–7–4–6–2

113. सहारा, अरेबिया आदि जैसे उष्ण मरुस्थल नगण्य मात्रा में वर्षा प्राप्त करते हैं। यह इस कारण है कि :

(a) उन्हें महासागरों से आर्द्रताधारी पवन प्राप्त नहीं होते
(b) वे पृथ्वी के सर्वाधिक चट्टानी और बंजर क्षेत्र हैं
(c) वे वायुमंडल के उष्णकटिबन्धीय उच्च-दाब कटिबन्ध पर अवस्थित हैं
(d) वे मानसूनों के मार्ग पर नहीं हैं

114. अक्षांश, भूपृष्ठ पर भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण, एक बिन्दु की कोणीय दूरी है, जो :

(a) पृथ्वी के केन्द्र से मापी जाती है
(b) भूमध्य रेखा से मापी जाती है
(c) कर्क रेखा या मकर रेखा से मापी जाती है
(d) ध्रुवों से मापी जाती है

115. जब कोई साधारण विधेयक भारतीय संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में भेजा जाता है, तब उसे :

(a) दोनों सदनों के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की कुल संख्या के साधारण बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(b) दोनों सदनों के सदस्यों की कुल संख्या के दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(c) दोनों सदनों के सदस्यों की कुल संख्या के साधारण बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(d) दोनों सदनों के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की कुल संख्या के दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए

116. रॉलेट एक्ट पारित किया गया :

(a) कृषि भूमि सुधार लाने के लिए
(b) राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी क्रियाकलापों में कमी लाने के लिए
(c) अनुकूल व्यापार-संतुलन के लिए
(d) द्वितीय महायुद्ध के अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए

117. भारतीय संविधान की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी एक, इस बात की सूचक है कि वास्तविक कार्यपालक शक्ति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में निहित है ?

(a) संघवाद
(b) प्रातिनिधिक विधानमंडल
(c) सर्वजनीन वयस्क मताधिकार
(d) संसदीय लोकतंत्र

(Contd.)

118. In which among the following cases the joint session of both the Houses of Parliament can be summoned ?

1. To amend the Constitution.
2. When a bill has been pending with one House for more than six months after it was passed by the other
3. When both the Houses disagree on the amendments to be made in a bill
4. When a bill is passed by one House and is rejected by the other

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2, 3 and 4
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 4

119. The 'Bombay Plan' drafted by G.D. Birla and J.R.D. Tata emphasized :

(a) that the economy should be left to the dynamic investments by the private sector in heavy industries etc.
(b) the public sector investment in infrastructure and heavy industries.
(c) annual planning.
(d) that the private sector should foot the bill for intensive and low return investments in the industrial sector.

120. Consider the following statements :

1. The Buddhists in Deccan excavated rock-cut *Chaityas* and the *Vaishnavas*, *Shaivas* and *Jainas* imitated these in later centuries.
2. The *Vaishnavas*, *Shaivas* and *Jainas* excavated temples at sites far distant from rock-cut *Chaityas*.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

121. Consider the following statements :

1. The Champaran Satyagraha marked Gandhiji's second appearance in Indian politics as a leader of the masses.
2. The Champaran Satyagraha was launched to address the problems faced by Indigo plantation workers.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

122. Consider the following statements :

1. Charles Wood's Despatch of 1854 laid exclusive emphasis on the development of higher education in India and neglected primary and secondary education
2. The Carlyle Circular issued by R.W. Carlyle sought to check the spread of revolutionary activities in educational institutions

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

(Contd.)

118. निम्नलिखित स्थितियों में से किन में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाई जा सकती है ?
1. संविधान में संशोधन के लिए।
2. जब कोई विधेयक एक सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद दूसरे में छः महीने से अधिक से विचाराधीन पड़ा हो।
3. जब दोनों सदनों के बीच विधेयक में किए जाने वाले संशोधनों को लेकर असहमति हो।
4. जब किसी विधेयक को एक सदन ने पारित मगर दूसरे ने अस्वीकृत किया हो।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1 और 4

119. जी.डी. बिड़ला और जे.आर.डी.टाटा द्वारा तैयार की गई 'बंबई योजना' (बॉम्बे प्लान) में बल दिया गया :
(a) कि अर्थव्यवस्था को भारी उद्योगों, आदि में निजी क्षेत्र द्वारा गत्यात्मक निवेशों के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए
(b) आधारिक संरचना और भारी उद्योगों में सार्वजनिक क्षेत्र का निवेश
(c) वार्षिक योजना
(d) कि निजी क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के सघन और कम प्रतिफलदायक निवेशों का व्यय वहन करना चाहिए

120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. बौद्धों ने दक्खन में शैल-कृत चैत्यों का उत्खनन किया और वैष्णवों, शैवों और जैनों ने बाद की शताब्दियों में उनकी नकल की।
2. वैष्णवों, शैवों और जैनों ने शैल-कृत चैत्यों से काफी दूर स्थित स्थानों पर मंदिरों का उत्खनन किया।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. चंपारन सत्याग्रह ने भारतीय राजनीति में गांधीजी की जननेता के रूप में दूसरी बार उपस्थिति चिह्नित की।
2. चंपारन सत्याग्रह नील की खेती करने वाले मजदूरों द्वारा झेली जा रही समस्याओं को सम्बोधित करने के लिए प्रवर्तित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. चार्ल्स वुड के 1854 के डिस्पैच ने भारत में उच्च शिक्षा के विकास पर विशिष्ट बल दिया तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को उपेक्षित किया।
2. आर.डब्ल्यू. कार्लाइल द्वारा जारी किये गये कार्लाइल सर्कुलर ने शिक्षण संस्थानों में क्रांतिकारी गतिविधियों को नियंत्रित करने की कोशिश की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

(Contd.)

123. Consider the following statements about Gandhiji's thinking on environment :

1. His environmental thinking is rooted in his larger philosophical and moral thinking
2. He preferred sustainable environmental practices to nourish the soil and the natural world
3. He laid emphasis on the rigorous ethic of non-injury in our treatment of animals

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 2 and 3 only

124. Which one among the following is common to the treaty of *Yandaboo* (1826), the treaty of *Salbai* (1782) and the treaty of *Gandamak* (1879) ?

(a) With these treaties various Indian powers formed alliances to defeat the British
(b) These treaties enabled the British to control the South Asian powers
(c) These treaties expedited the spread of Indian culture abroad
(d) These treaties gave an essential boost to enhanced trade in South Asia

125. Which one among the following was the major demand of the *Bardoli Satyagraha* (1928) organized under the leadership of Sardar Vallabhbhai Patel ?

(a) Land to the Tiller
(b) Increase in the rates of labour wage
(c) Rollback of newly enhanced revenue rate
(d) Supply of agricultural inputs to the farmers at subsidised rate

126. Which one among the following statements is ***not*** correct ?

(a) *Gandhara* School of Art owed its origin to the Indo-Greek rulers but the real patrons of the school were the *Kushans*, especially *Kanishka*
(b) Rich carving, elaborate ornamentations and complex symbolism were not the main features of the *Gandhara* sculpture
(c) The Graeco-Roman architectural impact modified the structure of Buddhist *Stupas*
(d) The artists of the *Amravati* School of Arts mainly used white marble

127. Which one among the following statements regarding the Eighth Five Year Plan in India is ***not*** correct ?

(a) The plan was postponed by two years because of political upheavals at the centre
(b) It aimed at high growth of both agriculture and manufacturing sectors
(c) Its emphasis was on growth in export and import, improvement in trade and current account deficit
(d) It set before itself the two principal objectives of 'growth with stability' and 'growth with justice'

(Contd.)

123. पर्यावरण पर गांधी जी की सोच के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. उनकी पर्यावरणीय सोच की जड़ें उनके बृहत् दार्शनिक एवं नैतिक सोच में हैं।
2. उन्होंने मृदा और नैसर्गिक संसार को सम्पोषित करने के लिए धारणीय पर्यावरणीय अभ्यासों को अधिमान दिया।
3. उन्होंने जानवरों के प्रति हमारे बर्ताव में चोट न पहुँचाने की कठोर नैतिकता पर बल दिया

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2 और 3

124. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, यंदाबु की संधि (1826), सलबाई की संधि (1782) तथा गंडामक की संधि (1879) में सर्वनिष्ठ है ?

(a) इन संधियों द्वारा विभिन्न भारतीय शक्तियों ने ब्रिटिश को हराने के लिए गठजोड़ बनाये
(b) इन संधियों ने दक्षिण-एशियाई शक्तियों को नियंत्रित करने में ब्रिटिश को समर्थ किया
(c) इन संधियों ने विदेश में भारतीय संस्कृति के प्रसार को आगे बढ़ाया
(d) इन संधियों ने दक्षिण एशिया में व्यापार को संवर्धित करने में जरूरी बढ़ावा दिया

125. सरदार बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में शुरू हुए बारडोली सत्याग्रह (1928) की मुख्य मांग निम्नलिखित में से कौन-सी थी ?

(a) जोतने वाले को जमीन
(b) श्रम मजदूरी की दरों में वृद्धि
(c) नई बढ़ी हुई लगान दर की प्रत्यापन्नता
(d) किसानों को कृषि निविष्टियों की, आर्थिक सहायता प्राप्त दर पर, पूर्ति

126. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) कला की गांधार शाखा के उद्‌गम का श्रेय भारत-यूनानी शासकों को था परन्तु उस शाखा के वास्तविक संरक्षक कुषाण, विशेषत: कनिष्क थे
(b) सघन नक्काशी, अलंकृत सजावट तथा जटिल प्रतीकात्मकता गांधार मूर्तिकला की मुख्य विशेषताएं नहीं थीं
(c) यूनान-रोम वास्तुशिल्पीय प्रभाव ने बौद्ध स्तूप की संरचना को रूपांतरित किया
(d) कला की अमरावती शाखा के कलाकारों ने मुख्यत: श्वेत स्फटिक का प्रयोग किया

127. भारत में आठवीं पंचवर्षीय योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) केन्द्र में राजनीतिक उथल-पुथल की वजह से इस योजना को दो वर्षों के लिये स्थगित किया गया था
(b) कृषि तथा निर्माण, दोनों क्षेत्रों के लिये इसने उच्च वृद्धि का लक्ष्य रखा
(c) इसका बल आयात तथा निर्यात में वृद्धि, व्यापार तथा चालू लेखा घाटा में सुधार पर था
(d) इसने अपने समक्ष 'स्थायित्व के साथ वृद्धि' तथा 'न्याय के साथ वृद्धि' दो प्रधान उद्देश्य रखे

(Contd.)

128. Which among the following statements is/are true with regard to WTO membership ?
    1. All WTO members automatically receive the 'most favoured nation' status
    2. Over 75% of WTO members are from developing countries. WTO membership allows them access to developed markets at the lower tariff

    Select the correct answer using the code given below :
    (a) 1 only
    (b) 2 only
    (c) Both 1 and 2
    (d) Neither 1 nor 2

129. TRIPS (Trade Related aspects of Intellectual Property Rights) agreement is administered by :
    (a) United Nations Conference on Trade and Development (UNCTAD)
    (b) United Nations Organization (UNO)
    (c) World Trade Organization (WTO)
    (d) World Bank (WB)

130. Consider the following statements :
    1. The G20 was established in 2008 in the wake of the global financial crisis led by the USA
    2. It brings together the major advanced and emerging economies to stabilize the global financial market
    3. India's stand on Mutual Assessment Process (MAP) for measuring imbalances between surplus and deficit economies in the Seoul conference of G20 in the year 2010 was firmly endorsed by all the nations

    Which of the statements given above is/are correct ?
    (a) 1, 2 and 3
    (b) 1 and 2 only
    (c) 2 and 3 only
    (d) 3 only

131. India by becoming a full-fledged member of the Financial Action Task Force :
    (a) will be able to access information on suspect accounts in nations such as Switzerland and UK.
    (b) will play an important role in law enforcement matters, investigations or prosecutions of terrorist activities at an international level.
    (c) has also become a member of Organization for Economic Co-operation and Development.
    (d) all of the above.

132. Consider the following declaration and identify the person who made it using the code given below :

    'The time has come when badges of honour make our shame glaring in their incongruous context of humiliation, and, I, for my part, wish to stand shorn of all special distinction, by the side of my countrymen who, for their so-called insignificance are liable to suffer degradation not fit for human beings'

    Code :
    (a) Mahatma Gandhi
    (b) Jawaharlal Nehru
    (c) Dada Bhai Naoroji
    (d) Rabindranath Tagore

(Contd.)

128. WTO की सदस्यता के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं ?

1. WTO के सभी सदस्य 'सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र' की स्थिति स्वत: प्राप्त करते हैं।
2. WTO के 75 प्रतिशत से अधिक सदस्य विकासशील देशों से हैं। WTO की सदस्यता उन्हें निम्नतर दरों पर विकसित बाजारों में पहुँच की अनुमति देती है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

129. TRIPS (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार से संबंधित पक्ष) करार का संचालन किसके द्वारा होता है ?

(a) व्यापार तथा विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
(b) संयुक्त राष्ट्र संगठन (UNO)
(c) विश्व व्यापार संगठन (WTO)
(d) विश्व बैंक (WB)

130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. G20 की स्थापना 2008 मे USA के नेतृत्व में वैश्विक वित्तीय संकट के परिणामस्वरूप हुई थी।
2. यह वैश्विक वित्तीय बाजार को स्थायित्व प्रदान करने के लिये प्रमुख उन्नत तथा उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को साथ लाता है।
3. वर्ष 2010 में G20 के सिओल सम्मेलन में अधिशेष और घाटे की अर्थव्यवस्थाओं के बीच असंतुलनों को मापने के लिये पारस्परिक मूल्यांकन प्रक्रिया (MAP) पर भारत के रुख का सभी राष्ट्रों के द्वारा मजबूती से समर्थन किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

131. भारत वित्तीय क्रिया कार्य बल (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) का पूरी तरह सदस्य बनने के द्वारा :

(a) स्विटजरलैंड और UK जैसे राष्ट्रों में संदिग्ध लेखाओं के विषय में सूचना प्राप्त करने में सक्षम हो जायेगा
(b) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी गतिविधियों के विधिप्रवर्तन मामलों, जाँचों या अभियोजनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा
(c) आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन का सदस्य भी बन गया है
(d) उपर्युक्त सभी

132. निम्नलिखित उद्घोषणा पर विचार कीजिये और उद्घोषणा करने वाले व्यक्ति को नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर पहचानिये :

'समय आ गया है कि जब सम्मान-चिह्न हमारी शर्म को, अपमान के अपने असंगत संदर्भ में चमका रहे हैं, और मैं, अपनी ओर से सभी विशिष्ट उपाधियों से वंचित होकर अपने उन देशवासियों के साथ खड़ा होना चाहता हूँ जो अपनी तथाकथित नगण्यता के लिये वह अधोगति झेलने के दायी हैं जो मनुष्यों के उपयुक्त नहीं।

कूट :

(a) महात्मा गांधी
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) दादा भाई नौरोजी
(d) रविन्द्र नाथ टैगोर

(Contd.)

133. Identify, using the code given below, the nationalist leader who was sentenced in the words outlined below :

'the fact that in the eyes of millions of your countrymen you are a great patriot and great leader' but 'as a man subject to the law, who has, by his own admission broken the law' you are subject to six years imprisonment

Code :

(a) C.R. Das
(b) Mahatma Gandhi
(c) Subhash Bose
(d) Jawaharlal Nehru

134. Consider the following statement :

'We believe that it is the inalienable right of the Indian people as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life so that they may have full opportunities of growth'

Identify the correct context of this statement from below :

(a) Pledge of independence to be publicly taken all over India on 26 January 1930
(b) Preamble of the Constitution of India adopted in 1950
(c) Congress Working Committee Resolution adopted at the Special Calcutta Congress in 1920
(d) Part of Speech delivered by Subhash Bose at the launch of *Azad Hind Fauj*

135. Which one among the following led to the Greece economic crisis 2010 ?

(a) Excessive borrowing from IMF
(b) Sudden depreciation of Euro
(c) Unrestricted spending and cheap loans
(d) Outflow of foreign capital due to political unrest

136. The Clean Development Mechanism (CDM), a mechanism to reduce green-house gas emission as per Kyoto Protocol implies that :

(a) industrial countries receive carbon credits by funding carbon saving projects in another relatively affluent nation
(b) industrial countries reduce their carbon emission by using environment friendly technology in production
(c) developed countries invest in carbon reduction in developing countries and receive carbon credit in return
(d) developed nations purchase carbon credit from other nations

137. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List-I *(Joint exercise)*	*List-II* *(Type)*
A. Indra	1. Joint anti-terrorism exercise
B. Cope India	2. Joint air force exercise
C. Ind-Indo Corpat	3. Coordinated maritime patrolling
D. Yudhabhyas	4. Joint army exercise

Code :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	3	2	4
(c)	4	3	2	1
(d)	4	2	3	1

(Contd.)

133. नीचे प्रस्तुत शब्दों में जिस राष्ट्रवादी नेता को सजा दिये जाने का उल्लेख है उसे, नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर, पहचानिये :

'यह तथ्य कि आपके लाखों लाख देशवासियों की दृष्टि में आप एक महान देशभक्त तथा महान नेता हैं' परन्तु 'कानून के अधीन एक व्यक्ति के रूप में, जिसने, अपनी स्वयं की स्वीकृति के अनुसार कानून को तोड़ा है', आपको छह वर्ष कारागार की सजा दी जाती है

कूट :

(a) सी.आर. दास
(b) महात्मा गाँधी
(c) सुभाष बोस
(d) जवाहरलाल नेहरू

134. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये :

हमारा विश्वास है कि यह भारतीय लोगों का, जैसे कि किन्हीं अन्य लोगों का, अपरिहार्य अधिकार है कि स्वतंत्र रहें और अपने श्रम के फल का आनन्द प्राप्त करें और जीवन की जरूरतें पूरी करें ताकि उन्हें संवृद्धि के पूर्ण अवसर प्राप्त हो सकें'

नीचे दिये गये संदर्भों में से इस कथन का सही संदर्भ पहचानिये :

(a) पूरे भारत में 26 जनवरी 1930 को सार्वजनिक रूप से लिया जाने वाला स्वतंत्रता का प्रण
(b) 1950 में अंगीकृत भारत के संविधान की उद्देशिका
(c) 1920 में विशेष कलकत्ता कांग्रेस में पारित किया गया कांग्रेस कार्यकारिणी समिति का संकल्प
(d) आजाद हिंद फौज के आरंभ के समय सुभाष बोस द्वारा दिये गये भाषण का अंश

135. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, यूनान के आर्थिक संकट 2010 का कारण था ?

(a) IMF से अत्यधिक उधार
(b) यूरो में अचानक गिरावट
(c) अनियंत्रित खर्चे तथा सस्ते ऋण
(d) राजनीतिक असन्तोष की वजह से विदेशी पूंजी का बहिर्गमन

136. क्योटो प्रोटोकॉल के अनुसार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाने की क्रियाविधि, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (CDM), का निहितार्थ है कि :

(a) औद्योगिक देश किसी अन्य अपेक्षाकृत समृद्ध राष्ट्र में कार्बन रक्षण परियोजनाओं के वित्त-पोषण द्वारा कार्बन क्रेडिट प्राप्त करते हैं
(b) औद्योगिक देश उत्पादन में पर्यावरण हितैषी प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर अपना कार्बन उत्सर्जन घटाते हैं
(c) विकसित देश विकासशील देशों में कार्बन अपचयन में निवेश करते हैं और बदले में कार्बन क्रेडिट प्राप्त करते हैं
(d) विकसित राष्ट्र अन्य राष्ट्रों से कार्बन क्रेडिट क्रय करते हैं

137. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (संयुक्त अभ्यास)	*सूची-II (प्रकार)*
A. इन्द्र	1. संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभ्यास
B. कोप इंडिया	2. संयुक्त वायु-सेना अभ्यास
C. इंड-इंडो कोरपाट	3. समन्वित समुद्री गश्त
D. युद्धाभ्यास	4. संयुक्त सेना अभ्यास

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	3	2	4
(c)	4	3	2	1
(d)	4	2	3	1

(Contd.)

138. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List-I *(Ship)*	*List-II* *(Type)*
A. INS *Arihant*	1. Aircraft Carrier
B. INS *Vikrant*	2. Landing Platform Dock
C. INS *Shiwalik*	3. Nuclear Submarine
D. INS *Airavat*	4. Stealth Frigate

Code :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	3	1	4	2
(c)	2	1	4	3
(d)	2	4	1	3

139. '*Milan*' is ?

1. an annual gathering of navies of Indian Ocean countries.
2. conducted at Chennai.
3. a joint anti terrorism exercise.
4. aimed at enhancing inter-operability among navies.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3
(c) 1 and 4
(d) 3 and 4

140. Consider the following pairs :

1. *Pinaka* : Multi Barrel Rocket Launcher System
2. *Nag* : Anti Tank Missile System
3. *Lakshya* : Unmanned Aerial Vehicle

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

141. Which one among the following is the unit raised to protect the naval assets ?

(a) *Sagar Rakshak Bal*
(b) *Sagar Suraksha Bal*
(c) *Sagar Prahari Bal*
(d) *Sagar Nigrani Bal*

142. Which one among the following films won the *Nargis Dutt* award for best feature film on national integration in the 57th National Film Award given in the year 2010 ?

(a) Well Done Abba
(b) Lahore
(c) Dilli-6
(d) Paa

(Contd.)

138. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I *(जहाज)*	*सूची-II* *(प्रकार)*
A. INS *अरिहंत*	1. वायुयानवाहक
B. INS *विक्रांत*	2. अवतरण प्लैटफार्म गोदी
C. INS *शिवालिक*	3. नाभिकीय पनडुब्बी
D. INS *ऐरावत*	4. स्टैल्थ फ्रिगेट

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	3	1	4	2
(c)	2	1	4	3
(d)	2	4	1	3

139. 'मिलन' :

1. हिंद महासागरीय देशों की नौसेनाओं की वार्षिक सभा है।
2. चेन्नई में किया गया है।
3. एक संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभ्यास है
4. नौसेनाओं के बीच अंतर-संक्रियाकरणीयता (इंटर-ऑपरेबिलिटी) को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) 3 और 4

140. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :

1. *पिनाक* : बहुबैरल रॉकेट प्रमोचन प्रणाली (मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम)
2. *नाग* : टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली (ऐंटी टैंक मिसाइल सिस्टम)
3. *लक्ष्य* : मानवहीन वायव वाहक (अनमैन्ड एरियल वेहिकल)

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

141. निम्नलिखित में से कौन-सी एक, नौ-परिसम्पत्तियों की सुरक्षा के लिये बनाई गई यूनिट है ?

(a) *सागर रक्षक बल*

(b) *सागर सुरक्षा बल*

(c) *सागर प्रहरी बल*

(d) *सागर निगरानी बल*

142. निम्नलिखित में से किस एक फिल्म ने, 2010 में दिये गये 57वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में राष्ट्रीय एकीकरण पर सर्वोत्तम फीचर फिल्म के लिये **नर्गिस दत्त** पुरस्कार प्राप्त किया ?

(a) वेल डन अब्बा

(b) लाहौर

(c) दिल्ली-6

(d) पा

(Contd.)

143. Consider the following statements with regard to the Renewable Energy Certificate (REC) Mechanism launched in November 2010 by the Government of India :

1. It enables the obligated entities to meet their renewable purchase obligation
2. It is one of the pioneering efforts in any developing country for mainstreaming the renewable energy generation through market mechanism

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

144. Consider the following statements with regard to the Global Hunger Index :

1. India ranks within the top ten among the developing countries in the Global Hunger Index 2010
2. According to the Global Hunger Index 2010 the proportion of undernourished in India is decreasing
3. Normally economic progress of a country measured by its gross national income and the hunger level are inversely correlated

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 3 only

Directions :—

The following ***Six (06)*** items consist of two statements, statement I and statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :

Code :

(a) Both the statements are individually true and statement II is the correct explanation of statement I
(b) Both the statements are individually true but statement II is ***not*** the correct explanation of statement I
(c) Statement I is true but Statement II is false
(d) Statement I is false but statement II is true

145. Statement I : A myopic person is advised to use concave lens

Statement II : The eye lens of a myopic person focuses the parallel rays coming from distant objects in front of the retina

146. Statement I : Oxidation in our body cell releases dangerous free radicals

Statement II : Our body itself produces anti-oxidants to neutralize harmful free radicals

(Contd.)

143. भारत सरकार द्वारा नवम्बर 2010 में शुरू किये गये नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र (REC) क्रियाविधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह वचनबद्ध हस्तियों को अपनी नवीकरणीय क्रय वचनबद्धता को पूरी करने में समर्थ करता है।
2. यह किसी भी विकासशील देश में बाजार क्रियाविधि के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा जनन को मुख्य धारा में लाने के लिये अग्रणी प्रयासों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

144. विश्वव्यापी क्षुधा सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. भारत, विश्वव्यापी क्षुधा सूचकांक 2010 में, विकासशील देशों के बीच शीर्ष दस देशों में आता है।
2. विश्वव्यापी क्षुधा सूचकांक 2010 के अनुसार भारत में अल्पपोषितों का अनुपात घट रहा है।
3. सामान्यत: किसी देश की आर्थिक प्रगति, जो उसकी सकल राष्ट्रीय आय के द्वारा मापी जाती है, और क्षुधा स्तर व्युत्क्रम सह-सम्बन्धित हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3

निर्देश :—

निम्नलिखित छ: ***(06)*** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II। इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए :

कूट :

(a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है
(b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है
(c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है
(d) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

145. कथन I : निकट दृष्टि वाले किसी व्यक्ति को अवतल लेन्स प्रयोग करने की सलाह दी जाती है।

कथन II : निकट दृष्टि वाले व्यक्ति का नेत्र-लेन्स, दूरस्थ पिंड से आने वाली समान्तर किरणों को, रेटिना के सामने फोकस करता है।

146. कथन I : हमारी देह कोशिका में आक्सीकरण से, हानिकर मुक्त मूलकों का मोचन होता है।

कथन II : हानिकर मुक्त मूलकों को निष्प्रभावित करने के लिए हमारी देह स्वयं प्रति-आक्सीकारक उत्पन्न करती है।

(Contd.)

147. Statement I : Decay and disintegration of rocks in situ is called weathering

Statement II : Mechanical weathering is mainly caused by temperature variation

148. Statement I : The semi-arid tracts of India stretching from eastern Rajasthan in the north to south central Tamil Nadu are agriculturally less productive

Statement II : The semi-arid tracts are homeland to a large number of central Indian Scheduled Tribe population

149. Statement I : The Mediterranean climate is highly suitable for fruit production

Statement II : Cool and moist winters in Mediterranean regions enable ample production of fruits.

150. Statement I : In the northern hemisphere the ocean currents flowing from equator towards the north pole and from pole towards the equator are deflected to their right

Statement II : This happens due to rotation of the Earth on the axis from west to east

(Contd.)

147. कथन I : शैलों का स्वस्थाने क्षय और विघटन अपक्षयण कहलाता है।

कथन II : बलकृत अपक्षय मुख्यत: ताप विभिन्नता के कारण होता है।

148. कथन I : भारत के अर्धशुष्क क्षेत्र जो उत्तर के पूर्वी राजस्थान से दक्षिण के मध्य तमिलनाडु तक फैले हुए हैं, कृषि की दृष्टि से, कम उत्पादक हैं।

कथन II : अर्ध शुष्क क्षेत्र, मध्य भारत की अनुसूचित जनजाति की बहुत बड़ी जनसंख्या के लिए स्वदेश हैं।

149. कथन I : भूमध्यसागरीय जलवायु फलों के उत्पादन के लिए अत्यन्त उपयुक्त है।

कथन II : भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में ठंडे और आर्द्र शीतकाल से फलों का पर्याप्त उत्पादन होता है।

150. कथन I : उत्तरी गोलार्ध में भूमध्य रेखा से उत्तरी ध्रुव की ओर, और ध्रुव से भूमध्य रेखा की ओर बहने वाली महासागरीय धारायें अपनी दाहिनी ओर विक्षेपित होती हैं।

कथन II : यह पृथ्वी के, अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर, घूर्णन के कारण होता है।

JOVIK

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : P–AQNA–L–TNG

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

A

परीक्षण पुस्तिका

सामान्य योग्यता परीक्षण

समय : दो घण्टे और तीस मिनट

पूर्णांक : 600

अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग–A** और **भाग–B**। **भाग–B में प्रत्येक प्रश्नांश *हिन्दी* और *अंग्रेजी* दोनों में छपा है।** प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जायेगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए ***कोई दण्ड नहीं*** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

Note : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.